ललितपुर में बनेगा ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा

चर्चा में क्यों?

2 सितंबर, 2021 को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में**उत्तर प्रदेश-मध्य प्रदेश सीमा** पर स्थित **ललितपुर** ज़िले में एक **ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे** के निर्माण को मंज़ूरी दी गई।

प्रमुख बिंदु

- बैठक के बाद कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि सरकार ने यह फैसला **ललितपुर** में स्थापित किये जा रहे **ड्रग पार्क** और **बुंदेलखंड** में विकसित किये जा रहे **डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर** को देखते हुए लिया है।
- उन्होंने कहा कि ललितपुर में **द्वितीय विश्व युद्ध** के दौर की एक हवाई पट्टी थी, जिसे ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के रूप में विकसित किया जाएगा।
- पहले चरण में इस हवाई अड्डे को छोटे विमानों की लैंडिंग के लिये तैयार किया जाएगा और बाद में इसे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित किया जाएगा।
- ललितपुर में एयरपोर्ट की स्थापना के लिये वहाँ के दो गाँवों से कुल 91.773 हेक्टेयर ज़मीन खरीदी जाएगी। ज़मीन की कुल कीमत 86.65 करोड़ रुपए है।
- रक्षा मंत्रालय के पास 12.79 हेक्टेयर भूमि है, जिसे राज्य सरकार परियोजना के लिये लेगी और बदले में ग्राम समाज की उतनी ही भूमि रक्षा मंत्रालय को देगी।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मार्च, 2021 में ललितपुर में **बंडई बाँध परियोजना** के शुभारंभ के दौरान इस ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण की घोषणा की थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/greenfield-airport-to-be-built-in-lalitpur